माँ अंजनी के लाल थोड़ा ध्यान दीजिए | By Rajeev Sharma |

माँ अंजनी के लाल थोड़ा ध्यान दीजिए
दे ध्यान, दिन दास का कल्याण कीजिए

रहते सदा हैं आप राम नाम में मगन
कहते लगे हैं आपको श्रीराम की लगन
कहते लगे हैं आपको श्रीराम की लगन
हमको भी भाव भक्ति का वरदान दीजिए
दे ध्यान, दिन दास का कल्याण कीजिए

पैरों में बाँध घुँघरू, करताल हाथ ले
कीर्तन में आप नाचते भक्तों को साथ ले
कीर्तन में आप नाचते भक्तों को साथ ले
हमको भी एक बार अपने साथ लीजिए
दे ध्यान, दिन दास का कल्याण कीजिए

सेवा करूँगा आपका, गुणगान करूँगा
मैं आपके आराध्य का भी ध्यान धरूँगा
मैं आपके आराध्य का भी ध्यान धरूँगा
नंदू करूँ भजन, हमें स्वर-ताल दीजिए
दे ध्यान, दिन दास का कल्याण कीजिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%a5%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%a7%e0%a5%8d%e0%a4%af-2/